तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

11 भाजपा के मंडल अध्यक्ष दुलार बने सक्रिय सदस्य



12 तहसीलदार को शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन





## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कमेटी सचिव आज गरियाबंद में

**गरियाबंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एसए संपत कुमार का 21 अक्टूबर को गरियाबंद जिला मुख्यालय में आगमन होगा। इस अवसर पर गरियाबंद जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी।



यह बैठक गरियाबंद के कांग्रेस भवन में सुबह 10:00 बजे से शुरू होगी। बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और विधायक बिंद्रा नवागढ़ जनक लाल ध्रुव भी उपस्थित रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों, सदस्यों और प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, त्रिस्तरीय पंचायती राज के सभी पदाधिकारियों और ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस के अध्यक्षों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भाव सिंह साहू और प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह ने सभी से बैठक में समय पर पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है। इस बैठक का उद्देश्य संगठन को और सशक्त बनाना और आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा करना है।

### स्कूटी की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** मेला देखने जा रहे एक व्यक्ति की एक्सीडेंट से हुई मौत के मामले पुलिस ने जांच की। पुलिस ने बताया कि मृतक हेमचंद चौहान पिता परदेशी चौहान (18 वर्ष) मुडपहार 16 अक्टूबर को अपनी मोटर सायकल सीजी 10 बीडी 9089 में प्रदीप नंद को पीछे बिठा कर मामाभांचा मेला देखने खोकसा जा रहा था। रात करीब नौ बजे भंवरपुर रोड पुटका के पास पहुंचने पर भंवरपुर की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीवी 5521 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हेमचंद चौहान को सिर में गंभीर चोट लगी और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।वहीं पीछे बैठे प्रदीप नंद के बांये पैर में चोट लगी। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 ए, 106 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में महिला की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में घायल हुई महिला की मौत मामले में मर्ग जांच कर बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने अपने वाहन लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मोटर सायकल चालक चंद्रशेखर भोई व पीछे बैठी पद्मिनी भोई गिर गई। और उसे पद्मिनी भोई को गंभीर चोट आई। जिसे इलाज हेतु डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान 15 सितंबर को मौत हो गई। मामले में अज्ञात पिकअप वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में एक व्यक्ति घायल

**महासमुंद।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को दाऊलाल जांगड़े निवासी नांदगांव ने बताया कि 19 अक्टूबर को काम से मुढ़ैना गया था, जहां से काम होने के बाद वापस अपने ग्राम नांदगांव जाने के लिए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीवी 1420 से निकला था। जैसे ही दोपहर करीब 12 बजे यादव स्टोन के पास पहुंचा था, तभी सामने से आ रही टाटा ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजी 3286 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# छुरा तहसील में पटवारी के 13 पद रिक्त, राजस्व प्रकरणों के साथ धान खरीदी होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश के मुख्यमंत्री, कलेक्टर द्वारा लगातार निर्देश देकर राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी को राजस्व मामलों को निराकरण के लिए बैठक लिया जा रहा है एवं मुख्यालय में रहकर राजस्व प्रकरण के साथ-साथ धान खरीदी एवं अन्य प्रकरणों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिया जा रहा है ताकि किसानों को किसी प्रकार के परेशानी ना हो और जल्द से जल्द राजस्व प्रकरणों का निराकरण हो सके। लेकिन यहां पर तहसील छुरा के अंतर्गत पटवारी के ही लगभग 13 पद रिक्त है। जिससे राजस्व प्रकरणों के साथ धान खरीदी प्रभावित होगी। और इतने ही पटवारी को दो- दो पटवारी हल्का का पद है तो पटवारी आखिर कौन सा मुख्यालय में रहेंगे? साथ ही साथ जिला में लगभग 70 पटवारी के पद रिक्त है इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि जिले में राजस्व के मामलों का निराकरण किस प्रकार हो रहा है साथ ही साथ यहां पदस्थ पटवारी गरियाबंद एवं राजिम से आना-जाना करते हैं जिससे किसानों को समय पर पटवारी कार्यालय में मुलाकात नहीं हो पता, छुरा तहसील के अंतर्गत 36 पटवारी हल्का है जिस पर 23 पटवारी कार्यरत है एवं 13 पद रिक्त है। इसे पता चलता है कि राजस्व मामला का निराकरण कितनी तेजी से होता होगा? साथ ही पटवारी गरियाबंद, राजिम से आना-जाना करते हैं जो समय पर अपने हल्का में उपस्थित नहीं मिलते हैं।

## तहसील में 36 पटवारी हल्का, एक के पास दो -दो हल्के का प्रभार

### सभी कार्य समय पर हो रहा : तहसीलदार

इस संबंध में तहसीलदार मेहता ने कहा की कलेक्टर के निर्देशों का पालन किया जा रहा है साथ ही साथ राजस्व के मामले बटवारा, नामांतरण आदि को समय सीमा पर किया जा रहा है। पटवारी के पद रिक्त की वजह से कई जगह पर दो-दो हलकों का प्रभार है इसलिए मुख्यालय में नहीं रह पाते। लेकिन सभी कार्य समय सीमा पर हो रहा है।




### रिक्त पद भरा जाए

झामन यादव अध्यक्ष पटवारी संघ ने कहा कि छुरा सहित पूरे जिले में पटवारी के पद रिक्त है जिसे शासन द्वारा भरा जाना चाहिए, पटवारी के पास अतिरिक्त कार्य होने की वजह से उन्हें अतिरिक्त भार हो जाता है। उन्होंने शासन से मांग की है कि पटवारी के रिक्त पदों पर तत्काल पदस्थापना किया जाए।

## लापरवाही : सरपंच सचिवों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मचा हड़कंप

# सामुदायिक भवन व शौचालय की राशि का आहरण किए तीन वर्ष बीते, अब तक नींव भी नहीं डली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गांव में विकास कार्यों के लिए दर्जनों योजनाओं के तहत करोड़ो रुपए की राशि जारी किया जा रहा है जिससे लोगों को मूलभूत सुविधाए उपलब्ध हो सके। लेकिन जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अन्तर्गत कई ग्राम पंचायतो में 3 वर्ष पहले सरपंच सचिवों द्वारा लाखों रुपए की राशि आहरण कर गबन करने का मामला सामने आया है। जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कार्यलयीन पत्र जारी कर ग्राम पंचायत धोबनमाल, खोखाम, साल्हेभाठा, जांगड़ा, कोदोमाठा, झरगांव में सामुदायिक शौचालय निर्माण, सामुदायिक भवन, सेग्रीगेस शेड निर्माण की राशि आहरण करने की दो वर्षो बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत सरपंच सचिवो द्वारा राशि आहरण करने के वावजूद कार्य पूरा नहीं करने की बात कहते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही करने और राशि वसूली करने पत्र लिखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत धोबनमाल खोखमा, साल्हेभाठ को 2020–21 ▶▶|शेष पेज 10 पर






### गबन करने वालों पर होगी कार्रवाई

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपलन अधिकारी डीएस नागवंशी ने बताया ग्राम पंचायत झरगांव में सामुदायिक भवन, सार्वजनिक शौचालय, ग्राम पंचायत धोबनमाल, खोखमा, साल्हेभाठा, जागड़ा एवं कोदोभाठा में राशि आहरण कर निर्माण कार्य नहीं करने की शिकायत मिली है। मैं स्वयं निर्माण कार्य स्थल का जांच किया हूं। निर्माण कार्य अधूरा है। सबंधित सरपंच व सचिवों निर्माण ऐजेंसी से राशि वसूली किया जायेगा। अन्यथा कार्यवाही भी किया जा सकता है।

### 1 वर्ष से निर्माण कार्य बंद

ग्राम पंचायत झरगांव में सामुदायिक भवन मालीपारा एवं एक अन्य सामुदायिक भवन के लिए 2021–22 में 4 लाख 96 हजार 4 सौ रूपये राशि आहरण करने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य सिर्फ एक भवन का नींव स्तर का खुदाई हुआ है जबकि दूसरे भवन केवल लेंटर लेवल तक पहुंचा है 1 वर्ष से निर्माण कार्य बंद है इसी तरह ग्राम पंचवत जागड़ा में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख 10 हजार रूपये राशि आहरण करने के बाद नींव खुदई नहीं हुआ है ग्राम पंचायत कोदोभाठा में सेग्रीगेश शेड निर्माण के लिए 3 लाख 50 हजार राशि आहरण करने के बाद खिड़की लेबल तक निर्माण कर कार्य बंद कर दिया गया है। इस ग्राम पंचायतो के सरपंच सचिवों से जल्द राशि वसूली के लिए पत्र लिखा गया है और कोई बड़ी कार्यवाही जल्द होने की संभावना है।राशि आहरण करने के बावजूद निर्माण कार्य करना तो दूर ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिवों द्वारा नींव तक खुदाई नहीं किया गया है। क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव से मांग किया है कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच किया जाए और संबंधित निर्माण ऐजेंसियों तथा जिम्मेदारो पर कार्यवाही किया जाए।

# जंगली हाथी से बचने ग्रामीण ने पैरी नदी में लगाई छलांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- वन विभाग ने घायल युवक को मैनपुर अस्पताल पहुंचाया

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 16 कि.मी. दूर ग्राम फरसरा हाथी प्रभावित क्षेत्र में एक ग्रामीण ने रविवार को सुबह 10 बजे अपने घरेलु कार्य करने के बाद नदी में नाहने गया था और उनके साथ अपने दो बच्चे को भी ले गए थे। लेकिन बच्चे नहाकर वापस लौट गए थे और ग्रामीण नदी किनारे बैठकर नहा रहा था कि अचानक एक जंगली हाथी जंगल के तरफ से चिंघाड़ लगाते हुए ग्रामीण के तरफ दौड़ा। ग्रामीण जान बचाने के लिए पैरी नदी के तेज बहाव में छलांग लगा दिया। नदी किनारे हाथी चिंघाड़ता रहा और कुछ देर बाद वापस जंगल के तरफ लौट गया। ग्रामीण जैसे–तैसे जान बचाकर नदी से बाहर निकला। लेकिन नदी के तेज बहाव में छलांग लगा देने से ग्रामीण घायल हो गया उसके पैर और शरीर में अन्द्रोनी चोंट आई है। जिसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया। वनविभाग द्वारा घायल ग्रामीण को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां उनका उपचार कर उसे घर छोड़ दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम फरसरा निवासी सुन्दर सिंह ▶▶|शेष पेज 10 पर

# तूफान से बिजली के खम्भे टूटे, दो दिन से दर्जनों ग्रामों में बिजली बंद

## सुबह से देर रात तक सुधार कार्य में लगे हुए है बिजली कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में शनिवार को दोपहर के बाद तेज आंधी तूफान के साथ जमकर बारिश हुआ जिसके कारण गरज चमक और गाज गिरने से एक युवक की मौत भी हो गई तो वहीं पूरे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। बरदुला से लेकर बेहराडीह फिडर क्षेत्र में जंगल के भीतर एक दर्जन बिजली के खम्भे टूटकर धरासाही हो गए। जिसके कारण दर्जनो ग्रामों में पिछले दो दिनों से बिजली बंद है। बिजली बंद हो जाने से पेयजल के साथ अन्य मूलभुत समस्या उत्पन्न हो गई है हालाकि बिजली विभाग के कर्मचारी दिन–



रात बिजली व्यवस्था में सुधार करने लगे हुए है लेकिन घने जंगल क्षेत्र होने के कारण अभीतक बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई है और यह बिजली व्यवस्था कल तीसरे



दिन बहल होने की उम्मीद है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर तेज आंधी तुफान और बारिश के कारण बेहराडीह फिडर में एक दर्जन ▶▶|शेष पेज 10 पर

# बारिश और हवा से धान के पौधे धराशायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में रविवार को हुई झमाझम बारिश से फसल बोने वाले किसान इस बार मौसम की मार झेल रहे हैं। अंचल में रविवार को 1 बजे 40 से 45 मिनट जमकर बारिश के साथ हवा के बाद कटाई के वक्त हुई बारिश से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। बारिश से खेतों में पानी भर गया है, वहीं तेज हवाओं से पककर तैयार धान की फसल जमीन पर लेट गई है। जिन किसानों धान की कटाई कर करपा खेतों में छोड़ दिया था, उसके बदरंग होने की आंशका व्यक्त की जा रही है। दशहरा त्योहार मनाने के बाद क्षेत्र में हरूना किस्म की धान की कटाई और खेत से खलिहान तक लाने में किसान जुटे हुए थे। लादबाहरा के किसान भुवेन्द्र मरकाम ने बताया कि दो तीन



दिन से खेतों में कटाई और ढुलाई का कार्य चल रहा था, हुई बारिश से धान की करपा और बीड़ा भींग गया। अब किसानों कटाई के लिए एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ेगा कई स्थानों पर शुक्रवार और शनिवार को किसानों ने धान की कटाई हार्वेस्टर से की है वे धान को सुखा नहीं पाएं। किसान ईश्वर ठाकुर, कृष्णा चक्रधारी, रामलाल ने बताया कि धान कटाई के समय बारिश होने से धान गुणवत्ता प्रभावित हुईं हैं साथ ही लागत बढ़ने की चिंता सताए जा रही है। खेतों में पानी भर जाने के कारण कटी फसल को बचाने के लिए किसानों ने बीड़ा बांधकर खेत के मेड में सुखाने का उपाय कर रहे हैं। खलिहान में खुले में रखने से किसान अब घबराने लगे हैं। मौसम के बदले हुए मिजाज से किसान सकते में हैं तथा फसल जो पककर तैयार हो गई है उसकी कटाई में मौसम आड़े आ रही है। वहीं हार्वेस्टर से काटी गई फसल को सुखाने के लिए किसानों को दिक्कतों से गुजरना पड रहा है। इस बारिश से कृषकों को भारी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि हरूना किस्म अर्ली वैरायटी फसल की धान पक कर तैयार हो चुकी है तथा किसान फसल की शुरुआत कर चुके हैं खेतों में पानी भरा है और फसल सड़ सकतीं हैं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने कहा है कि जिन किसानों की धान की फसल तेज हवा के कारण गिर गई हो और खेत में पानी जमा हें, ऐसी स्थिति में किसान बंधु अभिलंब जल निकासी की व्यवस्था करें। नहीं तो धान की फसल का काफी नुकसान होगा।

## रविवार को गुलजार रहा नवापारा का बाजार

# बाजार में रौनक, दुकानों में लग रही ग्राहकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

धनतेरस और दीपावली के लिए मात्र 10 दिन का समय शेष रह गया है। लोगों के बीच इस बार बहुत ज्यादा उत्साह और उमंग का वातावरण देखा जा रहा है। ज्वेलरी मार्केट सहित मोबाइल बाजार और रेडिमेड कपड़ो की दुकानों में अभी से भीड़ लगने लगी है। शनिवार-रविवार छुट्टी जैसे दिनों में भी नवापारा का बाजार गुलजार रहा। सदर बाजार में रविवार दोपहर के पहले तक खासी भीड़ नजर आई। चूंकि रविवार को नवापारा में हॉफ टाइम ही मार्केट खुला रहता है। बता दें कि ये पिछले 10 वर्षो के रिकार्ड को तोड़ने जा रहा है। पिछले कई वर्षों में देखने में आया था कि दीपावली बाजार तीन दिन पहले ही जोर पकड़ता रहा है। इस बार तो रोज बाजार में भीड़ देखी जा रही है। फसल भी इस बार पूरे सोलह आने होने जा रहा है। मालूम हो कि आसपास के सैकड़ों गांव के लोगो के लिए नवापारा-राजिम शहर का मार्केट काफी मशहुर है। दीपावली में खरीदी करने यहां हजारो-लाखो की संख्या में लोग पहुंचते हैं। चूंकि इस अंचल के सभी कस्बा और छोटे-बड़े शहर के बीच नवापारा शहर का मार्केट बड़ा मार्केट कहलाता हैं। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव जैसे व्यापारिक सेंटरो की बराबरी करने वाला मार्केट नवापारा को समझा जाता हैं। यहां सोना-चांदी से लेकर ब्राण्ड रेडिमेड कपड़े, इलेक्ट्रानिक और लक्ष्मी पूजा से जुड़े सभी सामग्रियो की सैकड़ों दुकाने सजती हैं। खरीदी करने के लिए मेले के माफिक भीड़ देखी जाती है। दीपावली के पहले कमोवेश हर सोने-चांदी के दुकान, कपड़ा दुकान, इलेक्ट्रानिक, फर्नीचर, बर्तन, फैन्सी कार्नरो में बेतहाशा भीड़ रहता है। इस बार भी यहां के ज्वेलरी शॉप वाले एक से बढ़कर एक नई-नई डिजाईनों के फैन्सी आईटम भरपूर स्टॉक में सजाए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के किसान अभी धान की कटाई एवं दीपावली की साफ-सफाई करने अपने घरो में जुटे हुए हैं बावजूद मार्केट का भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि इस बार की दीपावली में ▶▶|शेष पेज 10 पर

### साफ-सफाई का काम जारी

कुछ दिन ही बचे दीपोत्सव पर्व पर मां लक्ष्मी जी के आगमन को लेकर सभी घरों में तैयारियां शुरू हो चुकी है। हर घरो और दुकानो में साफ-सफाई, रंग-रोगन, लिपाई-पोताई का काम शुरू हो चुका है।ईधर कुम्हार हटरी में मिट्टी से निर्मित दीये, कलश की बाजार सज गया है। फटाके की दुकान शहर के स्कूल मैदान में सजेगा। फटाका व्यवसायी इसकी तैयारी में लग गए हैं। पर्व को लेकर बाकी सभी तरह के व्यापारी परिश्रम कर अपनी दुकानों की साज-सज्जा कर रहे हैं।

### पुष्य नक्षत्र 24 को

इस बार पुष्य नक्षत्र 24 अक्टूबर को पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक सुबह 11 बजकर 20 मिनट दिन से 25 अक्टूबर शुक्रवार को 12 बजकर 3 मिनट तक का मुहुर्त को सोना-चांदी एवं बही खाता खरीदने के लिए अत्यंत शुभ बताया गया है। मां काली मंदिर के पुजारी पंडित पदुम पांडे ने बताया कि धनतेरस 29 अक्टूबर मंगलवार एवं दीपावली लक्ष्मी पूजन 31 अक्टूबर को है। 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा और 3 नवंबर को भाई दूज मनाया जाएगा तथा 12 नवंबर को छोटी दीपावली देवउठनी पर्व है।

### दो पैदल यात्रियों के पिट्ठुओं से 22 लाख नकद बरामद

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने रेहटीखोल अंतरराज्यीय चेक पोस्ट में जांच के दौरान दो लोगों के पास से साढ़े 22 लाख रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि उच्चाधिकारियों के द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, मादक पदार्थ गांजा व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख कर कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। जिसके तहत थाना/चौकी प्रभारी व सायबर सेल की टीम को दीगर प्रांतों से आने वाले सभी चेक पोस्ट पर अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी हुई थी। इसी दौरान 20 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति लोहराचट्टी ओडिशा की ओर से पैदल चलकर दो पिट्ठु बैग रखकर एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल की ओर आ रहे है। बैग मे कुछ संदिग्ध सामान रखा।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने किया धर्मस्थलों का भ्रमण

रायपुर। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्य कुमार जिनप्पा गुंडे ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान सिख, मुस्लिम जैन, मसीही समाज के धर्मस्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने इन समाजों के प्रतिनिधियों व धर्मगुरुओं से भी चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के आर्च बिशप विक्टर हेनरी ठाकुर से बिशप्स हाउस में मुलाकात कर उन्हें समस्याओं, जरूरतों और प्रकरणों से अवगत कराया। उनका छत्तीसगढ़ की कोसा शॉल से सम्मान किया गया। उन्होंने श्री गुंडे से मांग की कि वे दिल्ली तक राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की ओर से केंद्र सरकार के समक्ष इसे समस्याओ को प्रस्तुत कर निदान निकालने का प्रयास करें। इस मौके पर जनरल फादर सेबेस्टियन पी., जॉन राजेश पॉल एवं प्रकाश मोदी भी मौजूद थे। योग सदस्य को बताया गया कि प्रदेश के लगभग सभी मसीही कब्रस्थान भर चुके हैं। अधिकांश ब्रिटिशकालीन हैं। इस वजह से दफन संस्कार में काफी दिक्कतें आती हैं। पिछले दो दशकों से इस समस्या का समाधान नहीं किया है। इस संबंध में समाज ने शासन के साथ काफी लिखा-पढ़ी भी की है, इसलिए शासन से कब्रस्थान के लिए जमीन उपलब्ध कराने निर्देश दें। इसी तरह प्रदेश के लगभग सभी गिरजाघरों की हालत काफी खराब है।

### जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में चार टीमें हुईं शामिल



रायपुर। सालेम इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर जिले के चार विकासखंड आरंग, अभनपुर, तिल्दा और धरसींवा से चार टीमें इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली छात्र, छात्राओं में संसद की कार्यवाही और कार्यप्रणाली से अवगत कराना व जागरूकता जगाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल एवं सहायक क्रीड़ा अधिकारी आईपी वर्मा, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के अलावा केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, स्कूल की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस आदि शामिल थे।

### माहेश्वरी सभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी नवरास में हुए शामिल



रायपुर। महेश सभा रायपुर द्वारा शरद उत्सव के अवसर पर रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रमेश झंवर एवं राकेश सोमानी ने बताया कि गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में नवरास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला संगठन के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के साथ शिवरास, सती स्वरूप, सिंदूर खेला, धुनी नाच एवं महाकाली रक्तबीज की शानदार प्रस्तुति मंच पर दी गई। महिला मंडल द्वारा विगत माहभर से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी, महिला संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा, समाजसेवी राजकुमार राठी सहित समाज के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### फूड इंस्पेक्टर राशन के वितरण और बचत की जांच नहीं करेंगे

रायपुर। खाद्य संचालनालय ने राशन दुकानों के राशन वितरण की जानकारी के लिए फिर घोषणापत्र का विकल्प देते हुए अब राशन के वितरण और बचत की पुष्टि खाद्य निरीक्षकों से कराने का निर्णय लिया है। खाद्य संचालनालय ने महीने की 1 से 10 तारीख के बीच इसकी पूरी जानकारी देने का नया फरमान जारी किया है। खाद्य निरीक्षकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि खाद्य संचालनालय राशन दुकान के संचालकों को सीधे ऑनलाइन राशन का आवंटन जारी करता है। दुकानों को ऑनलाइन वितरण करना होता है। पूरे मामले में संचालनालय अपनी गलती खाद्य निरीक्षकों पर थोपने का प्रयास कर रहा है। खाद्य निरीक्षक पूरे मामले को लेकर अब विभाग की एसीएस ऋचा शर्मा और सचिव से मिलेंगे। खाद्य विभाग में पिछली सरकार के समय हुए राशन दुकानों में राशन की बचत की जानकारी लिए बगैर दुकानों को राशन का आवंटन में घोटाले की जांच विधानसभा की समिति कर रही है।

# राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज सम्मान मिलने पर बोले साय- यह जवानों के हौसले को ऊंचे करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति का ध्वज सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, अनुशासन और देशभक्ति का प्रमाण है। हमारे जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी नक्सलियों के खिलाफ सफलता प्राप्त की है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। यह ध्वज हमारे पुलिस बल के हौसले को और भी ऊंचा करेगा, उन्हें राज्य की सुरक्षा और सेवा के लिए और प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा, यह सम्मान केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि उन बहादुर जवानों के प्रति एक आदर है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना राज्य की शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ की जनता को भी गर्व का अवसर प्रदान किया है, जो राज्य की पुलिस की सेवा और समर्पण का सम्मान करती है।

- छत्तीसगढ़ पुलिस को मिला राष्ट्रपति का ध्वज सम्मान
- जवान इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण करेंगे



### अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक

छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए यह एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है, जब उन्हें 'राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज' प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह विशेष ध्वज देश के चुनिंदा राज्यों की पुलिस इकाइयों को दिया जाता है, जो 25 वर्षों की अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल मोर्चे पर साहस और दृढ़ता के साथ कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए यह सम्मान अर्जित किया है, जो उनकी उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण है।

### जवान अपनी वर्दी में प्रतीक चिन्ह धारण कर सकेंगे

बताया गया है कि इस सम्मान के साथ, पुलिस बल के जवान इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण करेंगे, जो उनके शौर्य और सेवा का प्रतीक होगा। राष्ट्रपति ध्वज किसी भी पुलिस या सैन्य बल के लिए सर्वोच्च मान्यता मानी जाती है और यह छत्तीसगढ़ पुलिस की निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और परिश्रम की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना को दर्शाता है।

# एनएचआई पर चक्काजाम करने निकले डीएड बीएड प्रशिक्षित, पुलिस ने ब्रिज के पास रोका

## धरनास्थल की लाइट बंद, खाना बनाने में अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड कर्मचारी संघ के आव्हान पर डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने तूता स्थित धरनास्थल से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोक दिया। लामबंद अभ्यर्थी प्रदेशभर में रिक्त 33 हजार शिक्षकों के पदों पर जल्द भर्ती की मांग को लेकर चक्का जाम करने निकले। भुक्तभोगियों का कहना है, रैली निकालने के बाद धरनास्थल की लाइट बंद करा दी गई। पंडाल स्थल पर खाना बनाने से रोका गया।

- प्रदेशभर से जुटे अभ्यर्थी, 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन

7 सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदेशभर के डीएड-बीएड अभ्यर्थी अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है, प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों की भर्ती जल्द की जाए। आंदोलनकारी शनिवार को शाम 4 बजे धरनास्थल से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने निकले। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान धरनास्थल पर तैनात किए गए।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने बताया कि शासन-प्रशासन से अब तक डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की सुध नहीं ली है। इसीलिए बाध्य होकर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने उतरना पड़ा।



**ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोका, सड़क पर घंटों बैठे रहे प्रदर्शनकारी**

धरनास्थल से थोड़ी दूर जाने के बाद डीएड-बीएड प्रशिक्षितों को पुलिस के जवानों ने ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे नाराज अभ्यर्थी सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे। पुलिस प्रशासन ने उन्हें समझाइश दी। देर शाम तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहा।

### प्रमुख मांग

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षको के भर्ती की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो, जिसमें संकाय विषय के पद सम्मलित हो।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार करने की मांग।
- युक्तिकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किये जाने के सरकारी फैसला को निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रख कर नई भर्तियों की कार्यवाही जल्द पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी छूट प्रदान करने की मांग
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान करने की मांग।

### डाटा एंट्री आपरेटरों ने दिया धरना, 2 सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के बैनर तले प्रदेशभर के डाटा एंटी आपरेटरों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। 7 माह से वेतन नहीं मिलने से प्रदेशभर के 2739 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर के समक्ष आजीविका का संकट बना हुआ है। भुक्तभोगियों का कहना है, दीपावली त्योहार से पूर्व उनके लंबित वेतन का भुगतान किया जाए। साथ ही 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर डाटा एंट्री आपरेटर 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। वहीं 22 तारीख को वित्तमंत्री निवास घेराव करने का कार्यक्रम रखा गया है।



# एमडी-एमएस एडमिशन में भी लागू हो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस की तरह मेडिकल की पीजी यानी एमडी-एमएस में एनआरआई कोटे के एडमिशन में सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन किए जाने की मांग उठने लगी है। इस मामले में छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडेरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की है।

- स्वास्थ्य मंत्री से मिला डाक्टर्स फेडरेशन

राज्य में हाल ही में छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन का गठन किया गया है। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह एवं डॉ. गंधर्व पांडे ने स्वास्थ्य मंत्री के सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि यूजी की तरह पीजी में भी एनआरआई कोटे से एडमिशन के लिए बड़ा खेल होता है और करोड़ों का लेनदेन होता है। ऐसे डाक्टरों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्हें पीजी की वह सीट अलॉट की जाती है, जिनकी डिमांड सबसे ज्यादा होती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन जिस तरह यूजी एडमिशन के लिए किया गया है, उसी तरह एमडी-एमएस की सीटों के प्रवेश के लिए भी लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने एम्स के एमबीबीएस को अलॉटमेंट के बजाए राज्य कोटे की सभी सीट स्थानीय छात्रों को देने, वर्ष 2018 बैच के सवा सौ डाक्टरों की बांड पोस्टिंग का आदेश, जिन्हें नियुक्ति मिल चुकी उन्हें वास्तविक वेतन तथा नियमित चिकित्सकों को पढ़ाई के अनुरूप तीन साल का सवैतनिक अवकाश दिया जाए।

## नामांकन के दूसरे दिन 9 फार्म बिके, अभ्यर्थियों की संख्या 17 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए दूसरे दिन 9 नामांकन फार्म बिके। पहले दिन 8 फार्म बिके थे। इस तरह दो दिन में 17 नामांकन फार्म बिक चुके हैं। इस तरह 17 में से 10 नामांकन फार्म निर्दलीय अभ्यर्थियों ने खरीदा है। सरकारी अवकाश होने के बाद भी शनिवार को विधानसभा उपचुनाव के कारण कलेक्टोरेट में नामांकन फार्म खरीदने की प्रक्रिया जारी रही। नामांकन प्रक्रिया के लिए एक हफ्ते का समय दिया गया है। 18 से 25 अक्टूबर के हफ्ते के दौरान शनिवार और रविवार पड़ा है। राज्य में शनिवार को सरकारी छुट्टी रहती है, लेकिन प्रशासन ने फार्म लेने और जमा करने में अभ्यर्थियों को सुविधा देने के लिए छुट्टी के दिन भी नामांकन की प्रक्रिया जारी रखी, जिसका फायदा अभ्यर्थियों ने भी उठाया, जिससे शनिवार को शुक्रवार वर्किंग डे की तुलना में ज्यादा नामांकन फार्म खरीदे गए। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भारतीय जनता पार्टी से सूरज यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दयाराम मेंढे ने फार्म खरीदा। इसके अलावा 8 निर्दलीय अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा है, जिनमें जितेंद्र शर्मा, महेंद्र कुमार बाघ, सुषमा अग्रवाल, प्रकाश कुमार उरांव, आकाश तिवारी, मोहम्मद अनवर रिजवी, शबिस्ता खान शामिल है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम 25 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी तथा 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे।




### राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवायसी 31 तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड का नवीनीकरण और केवायसी करवाने के लिए 31 अक्टूबर तक का समय है। इससे पहले इस काम के लिए 15 अगस्त तक का समय दिया गया था। लेकिन सभी कार्डधारियों द्वारा यह काम न करवा पाने के कारण समय-समय पर तारीखें बढ़ाई जाती रही। अब खाद्य विभाग ने लोगों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी समय पर करा लें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों की सुविधा के लिए शेष बचे राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी कराने के लिए 31 अक्टूबर तक का अवसर प्रदान किया गया है।

### दिल्ली में कल सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ संगठन चुनाव की बनेगी रणनीति

रायपुर । भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक सोमवार को दिल्ली में होगी। इस बैठक में जहां सदस्यता अभियान को लेकर सभी राज्यों से चर्चा होगी, वहीं संगठन चुनाव को लेकर भी रणनीति बनेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े और दुष्यंत गौतम बैठक लेंगे। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह सहित प्रदेश के एक दर्जन पदाधिकारी रविवार की रात को यहां से दिल्ली जाएंगे।

## केदार गुप्ता बोले- कांग्रेस और उससे जुड़े लोग आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, छत्तीसगढ़ में इन दिनों कांग्रेस और उसके दीगर संगठनों से जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं और कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं, उससे यह बात एकदम साफ है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में आराजकता और आतंक का वातावरण निर्मित करने के अपने एजेंडे पर काम कर रही है।



श्री गुप्ता ने कहा, अभी हाल ही में सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक पुलिस आरक्षक पर खौलता हुआ तेल डालने और बाद में प्रधान आरक्षक की पत्नी व उसकी मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र का प्रमाण है, जिसके चलते कांग्रेस ने राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण करने में जरा भी लज्जा का अनुभव नहीं किया और कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुरोध को दरकिनार कर आदतन बदमाश और गुण्डा प्रवृत्ति के लोगों को एनएसयूआई समेत अपने विभिन्न संगठनों में पद देकर अपराधियों की हौसला-आफजाई की।

श्री गुप्ता ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव समेत तमाम कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक ढोंग करने के बजाय स्पष्टीकरण देना चाहिए। हर तरह के अपराधों में संलग्न लोगों की शरणस्थली बनी कांग्रेस का यही राजनीतिक ट्रेक रिकॉर्ड रहा है कि जब वह सत्ता में होती है तो आपराधिक तत्वों को प्रश्रय देकर अपने हित साधने के लिए उन्हें इस्तेमाल करती है।

## राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास को लेकर निगम आयुक्त ने किया मार्गों का निरीक्षण

- सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित रायपुर प्रवास को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने चयनित स्थलों, चौराहों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सड़कों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। श्री मिश्रा ने बूढ़ातालाब के नीलाभ उद्यान, डीडीनगर, जीई रोड, महोबा बाजार के पौनी पसारी स्थल, आमापारा के कारी तालाब प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कोटा क्षेत्र के महंत तालाब, डबरा तालाब, आमापारा के कारी तालाब प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर तालाब को स्वच्छ रखने निर्देश दिए। महोबाबाजार के पौनी पसारी भवन में युवाओं के लिए कंप्यूटर शिक्षण संस्थान को स्थान देने के संबंध में नियम अनुसार कार्यवाही करने दिशा निर्देश दिए। इसी तरह देवेंद्र नगर एक्सप्रेस वे मार्ग में ब्रिज के नीचे सौंदर्यीकरण करने हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त यू.एस अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) पीके पंचायती सहित तकनीकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### सामुदायिक भवन व...

एवं 2023 में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 3–3 लाख रूपये की राशि जारी किया गया है लेकिन ग्राम पंचायतो में नींव स्तर के कार्य ही हो पाया है जबकि सरपंच सचिवों द्वारा लाखो रुपए की राशि आहरण कर गबन किया जा चूका है।

**राशि आहरण करने के बाद कार्य बंद-** मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत कई ग्राम पंचायतो में शासकीय राशि का आहरण कर अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। ऐसे ग्राम पंचयतो के संबंधित सरपंच सचिवों से राशि आहरण के बाद गबन करने के मामला लगातार सामने आ रहा है। वहीं आगामी कुछ माह के भीतर ग्राम पंचायत चुनाव को देखते हुए शासन स्तर पर ऐसे सरपंच सचिवों पर नकेल कसने और शासकीय राशि वसूली के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद नजर आ रहे है। मैनपुर जनपद पंचायत के विभिन्न ग्राम पंचायतो में दर्जनों ऐसे मामले है जिसमें निर्माण कार्य के नाम पर राशि आहरण करने के बाद निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है और सरपंच सचिवों द्वारा राशि आहरण कर गबन कर लिया गया है।

### जंगली हाथी से...

पिता बहारूराम कमार 38 वर्ष अपने दो बच्चों के साथ गांव से लगे पैरी नदी में नहाने गया था और अपने दोनों बच्चों को नहलाकर वापस घर भेज दिया था और स्वयं नदी किनारे नहा रहा था कि अचानक जंगल के तरफ से चिंघाड़ लगाते हुए एक हाथी ने ग्रामीण के तरफ दौड़ा ग्रामीण जान बचाने पैरी नदी में छलांग लगा दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी मैनपुर छबीलाल ध्रुव ने बताया कि ग्राम फरसरा निवासी सुन्दर सिंह नदी में नहने गया था तभी एक जंगली हाथी ने उसके तरफ दौड़ा ग्रामीण जान बचाने नदी पर छलांग दिया नदी में छलांग लगाने के कारण ग्रामीण घायल हो गया जिसे उपचार के लिए मैनपुर लाया गया है ग्रामीण नदी में छलांग लगाने से घायल हुआ है।

### तूफान से बिजली...

से अधिक बिजली के खम्भे कही टूट कर गिर गए तो कही धराशाही हो गए। कहीं उपकरण उखड़ गए, जिसके कारण ग्राम बरदुला, बोईरगांव,ठेमली, पथर्री, बेहराडीह, झरियाबाहरा, उखरूपारा, पेण्ड्रा, कुसुममुड़ा, अड़गड़ी, जरहीडीह, शोभा, कन्हारपार, खमनपारा, करेली, कुसीयार बरछा, नदीपार, रावपारा, जोन्धराभर्री, नवापारा, ढोलसरई, गोना, सुकलाभाठा में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। तो वहीं क्षेत्र में भी लगातार बिजली की आंख मिचौली जारी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ग्राम पंचायत गोना के सरपंच, सुनील मरकाम ने बताया की बिजली व्यवस्था बंद हो जाने के कारण दर्जनों ग्रामों में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह पेयजल व्यवस्था डगमगा गई है लोग परेशान हो गए है। बिजली विभाग के स्थानीय कर्मचारियों ने बताया लगातार बिजली व्यवस्था बहल करने कार्य किया जा रहा है लेकिन बहुत ज्यादा बिजली के खम्भे और तार तथा उपकरण ध्वस्त हो जाने और जंगल क्षेत्र होने के कारण कार्य में थोड़ा परेशानी आ रही है लेकिन जल्द बिजली व्यवस्था बहल कर दी जायेगी क्योंकि कर्मचारी देर रात तक कार्य में लगे हुए है।

### बाजार में रौनक...

बेतहाशा धन बरसेगा। चूंकि व्यापार में किसानों का अहम योगदान होता है। नवापारा-राजिम का व्यवसाय पूरी तरह से किसानों के ऊपर ही निर्भर है। अरली वैरायटी की फसल सप्ताह भर पहले से ही कटना शुरू हो गया है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बनाया गया भाजपा का सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शनिवार को भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया गया। उनको सक्रिय सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री निवास में सक्रिय सदस्यता के प्रदेश संयोजक संजय श्रीवास्तव व जिलाध्यक्ष जयंती पटेल जिला सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के संयोजक छगनलाल मूंदड़ा पहुंचे और श्री साय को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। इसी के साथ प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। प्रदेश में भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान चल रहा है। प्रदेशभर के दिग्गज नेताओं और मंत्रियों को उनके घर पर जाकर सक्रिय बनाने का क्रम प्रारंभ किया गया है। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में जाकर उनको भी सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं इसी वजह से आज मैं प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है मैं अपनी पूरी उर्जा और शक्ति लगाकर छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित कर सकूं यही मेरा प्रयास है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मेरी संवेदनाएं हैं प्रदेश के प्रति मेरा कर्तव्य है। पार्टी के प्रति मेरी आस्था है नेतृत्व के प्रति में आभारी हूँ।



## खबर संक्षेप

### हाथियों द्वारा फसल नुकसान का तत्काल मुआवजा दे : ध्रुव



**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की जंगली हाथियों के दलो के द्वारा मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में पिछले 25 दिनों से जमकर धान मक्का दलहन तिलहन के फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हाथियों के दलों के द्वारा कई किसानों के पूरे फसल को तबाह कर दिया गया है। घरों को तोड़ फोड़ कर दिया है। जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं। किसान हजारो रुपए खर्च कर खेती किसानी किए थे और धान कटाई के समय फसलों को हाथियों के दलो के द्वारा चौपट कर देने से किसानों के सामने भुखमरी की स्थिति निर्मित हो गई है। सामने दीपावली त्यौहार है किसान बेहद परेशान है। वहीं किसानों को फसल मुआवजा दिया जाए साथ ही हाथी प्रभावित ग्रामों में ग्रामीणों के सुरक्षा के लिए मशाल, टार्च व अन्य मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराई जाए।

### ग्राम मोखा में 7 दिनी रासेयो शिविर जारी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत पेड़ावरी के आश्रित ग्राम मोखा में शासकीय उमावि आमाकड़ा का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसमें ग्राम प्रमुख, ग्राम गायता, ग्रामीण जन, प्राचार्य पीएल पाण्डे, अजय रावटे उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही उनके लक्ष्य और बच्चों मार्गदर्शन किए।

### तुमगांव में हुआ पुंसवन संस्कार कार्यक्रम

**महासमुंद।** गायत्री परिवार तुमगांव (गायत्री प्रज्ञा पीठ) द्वारा बंगला पारा निवासी मोंटू निर्मलकर के घर पुंसवन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना एवं प्रेरणा गीत के साथ हुआ। देव पूजन एवं यज्ञ संचालन पंचराम निषाद द्वारा किया गया। सनातन हिंदू धर्म में 16 संस्कारों का वर्णन है। आज के भौतिकवादी युग में प्रायः सभी संस्कार लुप्त होता जा रहा है, तब गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा इन सभी संस्कारों को मानव जीवन के लिए अति आवश्यक बताते हुए प्रचारित किया जा रहा है और उन सभी 16 संस्कारों को अपने-अपने घरों में या यज्ञ के माध्यम से करने प्रचारित किया जा रहा है। मोंटू निर्मलकर के यहां आयोजित पुंसवन संस्कार में आसपास के परिजन एवं नारी शक्ति उपस्थित थे। संस्कार कराने वाले पुरोहित द्वारा पुंसवन संस्कार के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पुंसवन संस्कार में कर्मकांड के साथ-साथ विशेष रूप से तीन औषधियों का प्रयोग किया जाता है। इसमें बरगद की जटा, गिलोय, पीपल के पत्ते मिलाकर गर्भवती माता को पिलाया जाता है। वट वृक्ष विशालता और दृढ़ता का प्रतीक है। धीरे-धीरे बढ़ना, धैर्य का सूचक है। उनकी जटाए भी जड़ और तना बन जाते हैं यह विकास विस्तार के साथ पुष्टि की व्यवस्था है। वृद्धावस्था को युवावस्था में बदलने का प्रयास है। गिलोय वृक्ष में ऊपर चढ़ने की प्रवृत्ति है, जो आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यह हानिकारक कीटाणु नाशक है, जिससे शरीर के रोगाणु एवं अंतकरण के कुविचार, दुर्भावनाओं एवं परिवार और समाज में व्याप्त दुष्प्रवृत्ति के निवारण की प्रेरणा देती है। शरीर को पुष्ट कर सत प्रवृत्तियों के पोषण की सामर्थ्य पैदा करती है। पीपल देवयोनि का वृक्ष माना गया है। इसमें देवत्व के परमार्थ के संस्कार सन्निहित है।

**सम्मेलन : : प्रदेश के सभी जिलों से पहुंचे अध्यक्ष**

# बीजेपी सरकार किसान विरोधी, धान खरीदी को किया 14 नवंबर : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- पीसीसी चीफ दीपक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता की उपस्थिति में अभिषेक ने किया पदभार ग्रहण

किसान कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सम्मेलन 17 अक्टूबर को राजीव भवन रायपुर में किसान कांग्रेस का कार्यकर्ता समेलन का आयोजन किया। जिसमें प्रमुख रूप से काग्रेस पार्टी के अध्यक्ष दीपक बेज, प्रभारी महामन्त्री मलकीत सींग गेन्दू, विधायक जनक, किसान काग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी द्वय मनोज नचार, राम मोहन बरुआ, ब्लाक अध्यक्ष छुरा बालमुकुंद मिश्रा, दाऊलाल चन्द्राकर, राजेश जैन, जागेन्द्र पांडेय, अकील हुसैन, दीपक पांडेय, बीएल लोखंडे, नीरज ठाकुर, विनोद शुक्ला, रमेश शर्मा, हरिओम सोनी, टिंकू बाबा, शैलेष सिंहदेव, अमित सींग देव, हरि ओम सोनी, पुकेश चन्द्राकर, मुकेश चन्द्राकर, अवध साहूचन्द्रहास साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विधायक जनक ध्रुव ने किसान काग्रेस को मज़बूत करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेज जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीजेपी सरकार किसान विरोधी है धान खरीदी 1 नवंबर की जगह 14 नवंबर को किया है। सरकार को उदारता दिखाते हुए 24 अक्टूबर से ही खरीदी करनी चाहिए।






**किसानों के हक मारने का काम कर रही भाजपा सरकार**

सभा को सम्बोधित करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानों के हक को मारने का काम करती है, इस बार एम एस पी में 117 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। किसानों को तो 3217 रुपए देना चाहिए। इसके पहले कांग्रेस सरकार ने 2500 रुपए बोल के 2840 रुपए तक धान खरीदी की। अगर भाजपा सरकार धान खरीदी 15 नवंबर से करती है तो खरीदी कम से कम 25 दिन ओर आगे बढ़ाना चाहिए, सभा को शैलेश सींग देव, राम मोहन बरूआ, दाऊ लाल चन्द्राकर, हरिओम सोनी, बालमुकुंद मिश्रा, मनोज नचार सहित कई वरिष्ट नेता ओ ने सम्बोधित किया। उसके बाद किसान काग्रेस कार्यालय में प्रभारी महामन्त्री मलकीत सींग गेन्दू, राष्ट्रीय प्रभारी द्वय मनोज नचार, राम मोहन बरुआ के उपस्थिति में पद भार ग्रहण किया। छुरा से बालमुकुंद मिश्रा, समद भाई, यशपेन्द्र शाह, रमेश शर्मा, प्रह्लाद यदु, अवध यदु, मक्कू दिक्छीत, रसेला सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर सहित विभिन्न जिलों से लगभग 700 पदाधिकारी ,25 जिला अध्यक्ष ने सम्मेलन में भाग लिया।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष दुलार बने सक्रिय सदस्य



**मैनपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व अंतर्गत जिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन सदस्य बनाए जाने के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत कर दी गई है। भाजपा जिला संगठन के तहत गरियाबंद जिले सक्रिय सदस्यता को लेकर भाजपा के संभागीय सह प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने इसका शुभारंभ किया है। मैनपुर मंडल में उत्साह के साथ सदस्यता अभियान को गति दी गई है जिसमें रविवार को भाजपा के जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा को सक्रिय सदस्य बनाकर यहां शुरुआत किया गया। भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है गांव गरीब और किसान के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किए जा रहे हैं जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है जिससे आम जनता खुश है भाजपा के विकास कार्य और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास प्रकट करते हुए आम जनता ने भी भाजपा के सदस्य बनने में रुचि दिखाई है जिसमे महिलाएं भी बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्य बनी है तथा राष्ट्र से जुड़ने के लिए भाजपा की सदस्यता जिले और मंडल में लक्ष्य से अधिक लोगों ने ली है। बताया कि अभी भी ऑनलाइन ऑफलाइन सदस्य बनाया जाना जारी है भाजपा के कार्यकर्ता सहित आम लोग भाजपा से जुड़कर सदस्य बन सकते हैं।

इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, सदस्यता अभियान मंडल संयोजक नरोंतम साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज निर्मलकर उपस्थित थे।

# वीरगाथा प्रोजेक्ट का उद्देश्य देश भक्ति नागरिक मूल्य को बढ़ावा देना : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



वीरगति प्रोजेक्ट 4.0 भारत सरकार के रक्षा मंत्रलय और शिक्षा मंत्रलय का संयुक्त उपक्रम है जो देश भर के विद्यार्थियों में ऐतिहासिक नायक नायिकाओं के वीरता और संघर्ष के बारे में जिन्होंने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उन्हें प्रसारित करना है ताकि देशभक्ति की भावना को बढ़ाया जा सके।

इसी कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में वीरगति प्रोजेक्ट के तहत नवमी से दसवीं के विद्यार्थियों को रानी लक्ष्मीबाई मेरे सपनों में आई और ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र–छात्रओं के लिए 1857 में विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के रूप में चिन्हित किया गया है।इस विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि शिक्षा विभाग के वीरगाथा प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शौर्य पुरस्कार प्राप्त वीरों की वीरता और बहादुरी के बारे में जानकारी देना है। इसके तहत महापुरुषों की जीवनियो का प्रसार कर विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया जाना है।उन्होंने आगे बताया कि वीरगाथा को गैलेंट्री पोर्टल के तहत 2021 में शुरू किया गया था।यह प्रोजेक्ट भारत के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को वीरता पुरस्कार विजेताओं पर आधारित रचनात्मक गतिविधियां कविता, निबंध, पेंटिंग, ड्राइंग, मल्टीमीडिया प्रस्तुति आदि गतिविधियां को छात्रें द्वारा परियोजना के रूप में किया जा सकेगा।वीरगाथा का उद्देश्य साहसी कार्य और जीवन कहानियों को साझा करना है ताकि देशभक्ति और नागरिक मूल्यों को बढ़ावा दिया जा सके। नोडल प्राचार्य पूरनलाल साहू ने आगे बताया कि जिन प्राथमिक, मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी वीर गाथा 4.0 का पंजीयन नहीं कर पाए हैं वे स्कूल 21अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कर अपनी जानकारी पोर्टल के माध्यम से अपलोड कर लेंवे। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित उपस्थित थे।

**कलार सिन्हा समाज ने किया नारी उत्थान के कार्यक्रम का आयोजन**

# समाज में महिलाएं, पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



डडसेना कलार सिन्हा समाज तहसील मैनपुर महिला मंच के द्वारा सामुदायिक भवन में नारी उत्थान के कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनपुर तहसील के मंडलेश्वर वा अन्य पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान की पूजा अर्चना के पश्चात शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज की पदाधिकारी का स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात महिला उत्थान कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की बालिकाओं द्वारा नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल गीत निबंध प्रतियोगिता कविता प्रस्तुत की गई। व महिलाओं के द्वारा बाल्टी, बाल, प्रतियोगिता चम्मच दौड़, मोमबत्ती जलाओ, प्रतियोगिता रखा गया था तथा समाज के बुजुर्ग माताओं को सम्मानित किया गया। मैनपुर तहसील के संरक्षक दुलार सिन्हा ने कहा कि समाज में महिलाएं पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं हमें बालिका शिक्षा की ओर ध्यान देना होगा क्योंकि बेटी पड़ेगी तो स्वावलंबी वह आत्मनिर्भर बनेगी। आज हमें शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कर बालिका शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम को मंडलेश्वर दसरू राम सिन्हा वरिष्ठ सलाहकार जगत राम सिन्हा व जिला कोषाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला मंच के जिला अध्यक्ष कुलेश्वरी सिन्हा, तहसील महिला मंच के अध्यक्ष लता सिन्हा, कोषाध्यक्ष रुक्मणी सिन्हा, सचिव रीना सिन्हा, घसनीन बाई सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, पारस सिन्हा, कलेन्द्री सिन्हा, भानुसिन्हा, मथुरा सिन्हा, वरूण सिन्हा, मुकेश सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, मंदाराम सिन्हा ,ललिता सिन्हा, आनंद राम सिन्हा, रामेश्वर सिन्हा, पुनित राम सिन्हा, विमल सिन्हा, भागवत सिन्हा, श्रवण सिन्हा, निमेश सिन्हा, निर्भय सिन्हा व महिला ग्राम प्रमुख एवं युवा मंच के पदाधिकारी तहसील के समस्त पदाधिकारी निर्भय सिन्हा भागवत सिन्हा क्षेत्रधिकार ग्राम पंच बुजुर्ग ग्रामीण जन विभिन्न क्षेत्र से समाज के लोग बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# पुरी धाम से वापस लौटे विधायक सहित 170 भाजपा कार्यकर्ताओं का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



धार्मिक तीर्थ यात्रा जगन्नाथ पुरी धाम से राजिम विधायक रोहित साहू के संग 170 भाजपा कार्यकर्ताओं का जत्था उनके विधान सभा परिक्षेत्र जामगांव पहुंचने पर ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता परिवार द्वारा आरती उतार कर गुलाल चंदन अक्षत की टीका लगाकर कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जय जगन्नाथ, हरहर महादेव, जय जय श्री राम की जयकार से गुंजायमान हो रहे थे। जामगांव में स्वागत नीरा साहू अध्यक्ष, सरस्वती दीवान सचिव, धनेश्वरी ध्रुव, कौशिल्या साहू, संतोषी साहू, देवकी यादव, कुमारी साहू, सुखांतिन दीवान, सुखम दीवान, श्याम बाई सेन,तेजराम सिन्हा पूर्व सरपंच यशवंत साहू , लाकेश सिन्हा , हेमू सिन्हा, मूलचंद सिन्हा, उगेश दीवान, द्वारिका साहू, हेमन्त सिन्हा, लीला सिन्हा ने आरती अक्षत रोली एंव वस्त्र भेंट किया और फुल माला से स्वागत किया। विधायक रोहित साहू के साथ 16 से 20 तक धार्मिक यात्रा जत्था में

जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, भाजपायुवामो राजु साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार कंडरा, किशोर साहू,तुलाराम साहू बेलर, उदे राम राकेश साहू, दिलीप साहू, योगेश साहू, उत्तम साहू, पुरण, ओमकार,दूबे,संतु साहू, द्वारिका, रामू साहू साहू,कोमल ढीढी,किर्तन साहू, प्रमोद, बेदराम, ईश्वर, पूर्व सरपंच मोती राम निषाद वरिष्ठ भाजपा बोधन साहू, युगल,लिकेश, हरि राम, ओमकार बेहरापल, शिवशंकर, रूपेश साहू, देवेन्द्र वर्मा,बेनीशंकर साहू, धर्मेन्द्र , जनपद सदस्य नेमीचंद देवांगन,रेखु राम साहू,रमेश सिन्हा, गया राम, महेश साहू साथ चल रहे थे।

### 31 तक ईकेवायसी नहीं की गई तो बंद होगा गैस कनेक्शन

**महासमुंद।** गौरव गैस सर्विस इंडेन गैस ने अपने सभी ग्राहकों का आधार ई-केवायसी करने के लिए 31 अक्टूबर का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में सभी डीलरों को लक्षित समय दिया गया है। जिसके माध्यम से उपभोक्ता सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। गौरव गैस सर्विस के संचालक पंकज चंद्राकर ने बताया कि ई-केवायसी के साथ बीएससी (बेसिक सेफ्टी जांच) भी किया जा रहा है। जो सुरक्षा की दृष्टि से बहुत जरूरी है। यदि ग्राहक ई-केवायसी नहीं कराते वो सब्सिडी से बंचित होना पड़ सकता है या फिर उनका गैस कनेक्शन बंद भी हो सकता है। बहुत से ऐसे ग्राहक है, जिसकी मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में उनके नामिनी कनेक्शन को अपने नाम पर करा कर भी ई-केवायसी करा सकते हैं। चंकि, यह गातिविधि सब्सिडी प्राप्त करने वाले ग्राहकों विशुद्ध पहचान करने के लिए अतिआवश्यक है।









# छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा का धरना प्रदर्शन 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन के तृतीय चरण में मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय महासमुंद में सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करअपने पांच सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए जिलाधीश महासमुंद तथा जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस धरना प्रदर्शन में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला इकाई महासमुंद की बैठक जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश प्रचार मंत्री केशव राम साहू, जिला पदाधिकारी लालजी साहू, नरेश पटेल, कौतुक पटेल, नंद कुमार साहू, विजय प्रधान, प्रदीप वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र चौधरी, विनोद यादव, गजेंद्र नायक कैलाश पटेल के विशिष्ट उपस्थिति में बुनियादी शाला पिथौरा में हुई। बैठक में पांच सूत्रीय मांग सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाए, समतुल्य वेतन (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 02 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए, उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूए /261/2024 में डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जाए, शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते की एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किए जाने की मांग प्रमुख हैं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वयंसेवक संघ ने किया पद संचलन

**छुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 3 दिन का प्रारंभिक वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया, जहां पर सुबह प्रार्थना एवं शाखा, दोपहर बौद्धिक सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। उसके पश्चात 20 अक्टूबर, रविवार को पद संचलन किया गया, जो नगर के बाजार वार्ड होते हुए बजरंग चौक, शिव चौक होते हुए मुख्य मार्ग होते हुए पुनः शिशु मंदिर पहुंचे। रास्ते भर भारत माता की जय, देश है पुकारता, पुकारता मां भारती, उठो जवानों देश की वसुंधरा पुकारती सहित देशभक्ति गीतों से जुज रहा है पद संचलन का बजरंग चौक सहित विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा किया।

### सरवर ने रोपे कदम के पौधे

**छुरा।** अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व महामंत्री सरवर खान ने एक पर मां के नाम में कदम का पौधा रोपा। साथ ही उसके सुरक्षा के लिए जाली भी लगाया गया है, सरवर खान ने बताया कि वह प्रति वर्ष बरगद, पीपल नीम के पौधों का रोपण तालाब किनारे करते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम के अपील पर उन्होंने अपने घर के नजदीक तालाब के मेड़ पर कदम का पेड़ लगाया है ताकि लोगों को छांव के साथ-साथ इस पेड़ का बारे में भी जानकारी हो, उन्होंने अपने समाज एवं व्यापारिक सभी लोगों से अपील की है कि अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पेड़ का रोपण अवश्य करें।



### निषाद भवन के लिए मिली 10 लाख रुपए की स्वीकृति

**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू के द्वारा क्षेत्र के विकास के विभिन्न विकास कार्य शासन से स्वीकृत कराये गए हैं। विधायक प्रतिनिधि राजिम विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, जिला उपाध्यक्ष निषाद समाज व भाजपा नेता मोतीलाल निषाद बिजली ने कहा कि नगर पंचायत फिंगेश्वर को लालपुर में मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय 20 लाख एवं निषाद समाज दर्रीपार के 10 लाख उपरोक्त कार्य का शासन संचनालय द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विधिवत पूर्ण प्रस्ताव संचनालय को प्रषित सुनिश्चित करने को कहा गया है।



### कवि काशीपुरी आगरा एटा में 27 को करेंगे काव्य पाठ

**राजिम।** प्रदेश के सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य के कवि राजिम निवासी काशीपुरी कुंदन 27 अक्टूबर को आयोजित आगरा एटा उत्तरप्रदेश में आर्य समाज के 137वें वार्षिक महोत्सव में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कवि कुंदन ने बताया कि इस भव्य कवि सम्मेलन समारोह में देश भर के कई नामचीन कवि काव्य पाठ करेंगे।



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 11 हजार परीक्षार्थी हुए शामिल

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 19 अक्टूबर शनिवार को किया गया। इस वर्ष महासमुंद जिले के 325 प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ साथ 07 महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हुई। परीक्षा में लगभग 11,000 परीक्षार्थी शामिल हुए। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े सभी परिजनों एवं संस्था प्रमुखों को गायत्री परिवार की ओर से परीक्षा के सफल संचालन में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

---

**सौगात : जिले में 2.89 करोड़ से सौन्दर्यीकरण, सड़क निर्माण व स्ट्रीट लाइट के होंगे कार्य**

# सिविल लाइन 15 लाख रुपए के स्ट्रीट लाइट से होगा रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अनुसूचित क्षेत्र हो, ग्रामीण क्षेत्र हो या शहर, अधोसंरचना विकास से लेकर जनता की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा लगातार विकास कार्यों की सौगात प्रदेशवासियों को दी जा रही है। इसी कड़ी में राजिम विधासनभा अन्तर्गत जिला मुख्यालय के नगर पालिका गरियाबंद के सौन्दर्यीकरण, अधोसंरचना विकास, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पेवर ब्लॉक एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए राजिम विधायक रोहित साहू और नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के प्रयासों से करोड़ों की सौगात मिली है। नगर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 2 करोड़ 89 लाख 39 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। वहीं वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 में सिविल लाइन के चारों ओर स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य 15 लाख 5 हजार रूपए से होगा।

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य और लक्ष्य जनसुविधाओं के विस्तार के साथ ही क्षेत्र का समुचित विकास है। जब क्षेत्र का विकास होगा तो वहां की जनता का विकास भी सुनिश्चित होगा। विशेषकर अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों से आम लोगों के जीवन में खुशहाली आई है। आज गांव से लेकर शहर तक नए नए विकास कार्य देखने को मिल रहा है। प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध होकर काम कर रही हैं।






#### वार्ड क्रमांक 11 में बनेगी सड़क

वार्ड क्रमांक 11 में फुलेश्वर शर्मा घर से जीतू निर्मलकर घर तक आरसीसी ड्रेन निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 45 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक 11 में सीसी रोड का मरम्मत एवं आरसीसी ड्रेन निर्माण कार्य 5 लाख 46 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक 10 में देवानीन तालाब से बीटी रोड निर्माण कार्य 15 लाख 63 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक 15 में होटल सिटी रेजेंसी से निलेश पारख घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 22 लाख 68 हजार रूपये, फ़्ल्टिर प्लांट परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य 27 लाख 16 हजार, वार्ड क्रमांक 2 में तहसील ऑफिस से शिक्षक नगर चौक तक बीटी रोड निर्माण कार्य 30 लाख 11 हजार, वार्ड क्रमांक 15 में मेन रोड से शिशु मंदिर तक बीटी रोड निर्माण कार्य 9 लाख 55 हजार।

#### 16 लाख रुपए से होगा ठाकुरदिया उद्यान की मरम्मत

वार्ड क्रमांक एक में नूर फर्नीचर से जिला अस्पताल तक स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य 7 लाख 30 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक एक में पेट्रोल पम्प से उपजेल तक स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य 6 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 5 सिविल लाइन ग्राउंड में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य 13 लाख 59 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक 6 में रामजानकी मंदिर के समीप पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य 5 लाख 69 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक तीन में बॉलीबॉल ग्राउंड में फेंसिंग कार्य 4 लाख 84 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक 9 में गुरुद्वारा के समीप स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य 2 लाख 37 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक दस में ठाकुरदिया उद्यान का मरम्मत कार्य 16 लाख 39 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक तीन में गाँधी मैदान वॉलीबॉल ग्राउंड के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 23 लाख 79 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक सात में एसएलआरएम सेंटर परिसर में कम्पोस्ट मशीन के लिए शेड निर्माण कार्य 3 लाख 27 हजार। इस प्रकार नगर पालिका परिषद गरियाबंद के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 89 लाख 39 हजार रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति मिलने पर नगर के जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है।

## छुरा व फिंगेश्वर नपं में रोशनी के लिए लगाई जाएगी 49 लाख की स्ट्रीट लाइट

**छुरा/ फिंगेश्वर।** नगर पंचायत छुरा में 6 निर्माण कार्यों के लिए एक करोड़ 18 लाख 78 हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई है। राजिम विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने यह स्वीकृति प्रदान की है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि, नगर पंचायत छुरा अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों की आवश्यकता है। वहीं नगर पंचायत फिंगेश्वर में 2 निर्माण कार्यों के लिए 30 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। नगर पंचायत फिंगेश्वर में वार्ड क्रमांक 8 लालपुर में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण 20 लाख एवं वार्ड क्रमांक 1 दर्रीपार में सामुदायिक निर्माण कार्य 10 की स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने पर नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष जगदीश यादव तथा सभी जनप्रतिनिधियों ने विधायक रोहित साहू का आभार प्रकट किया। नगर पंचायत के नागरिक और जनप्रतिनिधियों ने यह मांग रखी थी। इस संदर्भ में उन्होंने नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव से चर्चा भी की थी। उन्होंने कहा कि करोड़ों रूपये की मिली इस स्वीकृति से नगर पंचायत छुरा के विभिन्न क्षेत्र में सीसी सड़क, नाली निर्माण व अन्य विकास कार्य किया जाएगा, इससे नागरिकों को बड़ी सहूलियत हासिल होगी। उन्होंने कहा कि हम विधानसभा क्षेत्र के विकास और मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्र में बड़ी तादाद में निर्माण कार्य चल रहे हैं। कई निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक निधि से भी क्षेत्र का विकास हो रहा है।श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं पारदर्शी और विकासपरक हैं। ढांचागत विकास को भी इस सरकार में बढ़ावा मिला है। लोगों की मूलभूत आवश्यकताएं पूर्ण करने पर जोर दिया जा रहा है। मेरा भी यही प्रयास है कि सभी बेहतर सुविधाएं नागरिकों को उपलब्ध हो। स्वीकृत निर्माण कार्यों में नगर पंचायत छुरा के लिए तहसील ऑफिस से स्वर्ण जयंती चौक होते हुए सूखा नदी तक स्ट्रीट लाइट पोल सहित स्थापना कार्य 49 लाख 87 हजार रुपए, बस स्टैंड से बजरंग चौक होते हुए मेमन फयूल्स तक स्ट्रीट लाइट पोल सहित स्थापना कार्य 31 लाख 52 हजार, बजरंग चौक से मिज के मकान तक स्ट्रीट लाइट पोल सहित स्थापना कार्य 23 लाख 77 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक दो लवन साहू घर से खाली प्लाट तक सीसी रोड निर्माण कार्य 95 हजार, वार्ड क्रमांक पांच तुलसी राम साहू घर से धंन्नू यादव घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 9 लाख 77 हजार, वार्ड क्रमांक तीन में कुमार यादव घर से मिंज घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 2 लाख 90 हजार रूपये की स्वीकृति मिली है, इस प्रकार कुल छुरा नगर पंचायत में एक करोड़ 18 लाख 78 हजार रूपये की स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने पर नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर सभी जनप्रतिनिधियों ने विधायक रोहित साहू का आभार प्रकट किया।





---

## तहसीलदार को शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शिक्षक संगठनों द्वारा आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र को लेकर राजिम के नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। विज्ञप्ति में बताया गया है कि इन तीनो प्रमाण पत्रो की जानकारी के लिए एक्सेल सीट एवं सॉफ्ट कापी से जानकारी मांगी जा रही है जिससे प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक एवं शिक्षक लगातार अध्यापन कार्य छोड़कर जानकारी देने के लिए परेशान हो रहे हैं। विद्यालयों में कंप्यूटर एवं ऑपरेटर के अभाव में एक्सेल सीट की जानकारी देना संभव नही हैं। लिहाजा शिक्षकों को अध्यापन कार्य छोड़कर लोकसेवा केंद्र का चक्कर लगाना पड़ रहा हैं। अत एव इस प्रकार की जानकारी बार-बार न मंगा कर एक बार मासिक हार्ड कॉपी में मंगाया जाए जिससे छात्र, शिक्षक एवं पालक परेशान ना हो। ज्ञापन देने के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, कर्मचारी फैडरेशन के संयोजक यशवंत साहू, किशोर निर्मलकर, अरुण प्रजापति, रेखुराम साहू, विनय जोशी शामिल थे।



## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बनाई गई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- आदर्श विद्यालय में आयोजित हुआ पालक-शिक्षक बैठक

आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में वृहद स्तर पर पालक-शिक्षक बैठक 19 अक्टूबर को आयोजित की गई। पालक-बालक-शिक्षक समुदाय के मध्य बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए शासन सतत प्रयासरत है। बैठक में पालकों को बच्चों की प्रगति से अवगत कराया गया, बच्चों में भविष्य की संभावना का आकलन कर बहुमुखी विकास करने के उद्देश्य एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मानकों के अनुरूप शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाने हेतु पालकों की भूमिका सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। प्रथम चरण में संकुल स्तरीय मेगा बैठक, संकुल केंद्र छुरा अ एवं ब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई थी। 150 से अधिक पालक की उपस्थिति में बैठक को अपार सफलता मिली थी। द्वितीय चरण में विद्यालय स्तर पर आयोजित पेटीएम में पालक, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्यों सहित लगभग 95 सदस्य बैठक में शामिल हुए। बैठक की शुरूआत शिक्षाविद केआर सिन्हा, एसआर निषाद, बीएलतारक, सीआर सिन्हा, प्राचार्य एनसी साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु, प्रधानपाठक एन.आर. ठाकुर, पालक सदस्यगण, बाल संसद के प्रधानमंत्री मोहन ध्रुव, शिक्षा मंत्री आकांक्षा प्रिया ध्रुव द्वारा मां भारती का चरण वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। गीत एवं भाव नृत्य द्वारा मां भारती का यशगान किया गया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पिरोते हुए सांस्कृतिक गुलदस्ता भी प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने शासन द्वारा निर्धारित 12 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया। पालकों का अभिमत भी सुना। शाला के विकास हेतु विविध रचनात्मक कार्यों की रूपरेखा भी बनाई गई। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु सुझाव लिया गया। आगामी दिनों में मातृ सम्मेलन, आनंद मेला, सांस्कृतिक उत्सव की भी कार्ययोजना बनाई गई। संचालन करते हुए शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने गौरव गरियाबंद अंतर्गत आयोजित तिमाही परीक्षा का परिणाम विस्तार से बताया। प्रत्येक सेक्शन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में वरिष्ठ पार्षद अशोक (मक्खु) दीक्षित, यशपेंद्र शाह, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी, वरिष्ठ व्यवसायी रमेश शर्मा, पार्षद हरीश यादव, पंचराम टंडन एवं नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित होकर विद्यालयीन गतिविधियों की प्रशंसा किए। दूरदराज से बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति ने बैठक को सफल बनाया। वरिष्ठ शिक्षक एम.एल. सेन, शिक्षिका शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, मानसिंग मारकंडे, हेमलाल साहू, सबीना नाज, शिवेंद्र ध्रुव, उमेश कुमार ढीढी, सुशील कुमार पांडे, चंद्रभूषण निषाद, तरुण कुमार साहू, छात्र अध्यापिकागण एवं बड़ी संख्या में पालक सदस्य उपस्थित रहे।





## भाजपा के सक्रिय सदस्य बने चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा 19 अक्टूबर से भाजपा के सक्रिय सदस्य बनाने की प्रक्रिया के पहला ही दिन छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू जिला रायपुर ग्रामीण के पहला नंबर के सक्रिय सदस्य बने। श्री साहू सक्रिय सदस्य बनने के लिए भाजपा द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप वाला फॉर्म भरकर भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष श्याम नारंग को सौंपा।



#### गायत्री शक्तिपीठ राजिम में 10 ट्रस्टी मनोनीत

**राजिम।** गायत्री शक्तिपीठ राजिम में 10 ट्रस्टी मनोनीत किए गए। जिसमें पूर्व सांसद चंदूलाल सहित विक्रम मेगवानी, चंद्रलेखा गुप्ता, दुर्गावती सेन, बलराम साहू, माधव यादव, मिथिलेश, रामाधार साहू, हेमलाल साहू , श्रवण साहू, संतोष साहू शामिल है।



## कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ विजेता टीम को मिलेगा 10 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम पिपरहट्टा(छुरा) में नवयुवा क्रांति समिति एवं समस्त ग्रामवासी पिपरहट्टा के द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 19 अक्टूबर को शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रेवती बाई सरपंच ग्राम पंचायत पिपरहट्टा, अध्यक्षता मिलाप राम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, विशेष अतिथि रूप सिंह साहू अध्यक्ष साहू समाज सोरिद परिक्षेत्र, तेजराम ध्रुव वरिष्ठ पत्रकार मुड़ागांव कोरासी, अतिथिगण- देवलाल साहू, हनीफउद्दीन साहिल, गोपाल राम, नाथूराम, जगत राम साहू, जहिब मोहम्मद कुरैशी, दालचन्द सोनकर, टिकम साहु, तोमस ठाकुर के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 100 मैच से किया गया। और 100 मैच में गांव के खिलाड़ी बच्चों का गुलाल लगा कर स्वागत किया गया। इस मैच में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय 7001 रुपए, तृतीय 5000 रुपए, चतुर्थ 3001 रुपए दिया जाएगा।




**कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाते हैं करवा चौथ**

# चांद का दीदार कर महिलाओं ने खोला व्रत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

करवा चौथ में सुहागिन महिलाओं के लिए चांद के नजर आने पर धन्नी में दीया रखकर अपने पति की पूजा की। उसके बाद पति द्वारा जल ग्रहण कराकर निर्जला व्रत को तोड़ा।

छेमन साहू, ज्योति विश्वकर्मा, लक्ष्मी निषाद, दुलेश्वरी, कीर्ति नगारची, नंदनी निषाद, ललिता साहू, प्रभा निषाद ग्राम खुटेरी निवासी ने कहा की करवा चौथ पर्व व्रत हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाते आ रहे हैं। रविवार को इस व्रत में चंद्रमा के दर्शन कर चाँद को अर्घ्य मंत्र के साथ दिए गए और व्रत खोले हैं। चंद्रमा को देख कर व्रत खोलने का मुख्य कारण यह है कि चंद्रमा पुरुष रूपी ब्रह्मा का प्रतीक माना जाता है। इससे पहले पति परमेश्वर का चेहरा छन्नी में दीया रखकर दर्शन किए हैं। वहीं करवा चौथ पर भगवान गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान कार्तिकेय की पूजा विधि पूर्वक किए गए। महिलाओं ने आगे कहा की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मां पार्वती को अखंड सौभाग्यवती का वरदान प्राप्त है। इसलिए हम महिलाएं भी अखंड सौभाग्य का आर्शीवाद मांगने के लिए व्रत रखतें हैं। चंद्रमा के पास रूप, शीतलता और प्रेम और प्रसिद्धि है, साथ ही उन्हें लंबी आयु का वरदान मिला है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411